पत्रांक : केन्द्रीय (मा०)–363/23 के0–1325

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक : 04/11/2023

विषयः वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने हेतु छात्र/छात्राओं का दिनांक 04.11.2023 से 10.11.2023 तक की अवधि में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरे जाने एवं शुल्क (विलंब शुल्क के साथ) जमा करने हेतु अंतिम अवसर के रूप में अवधि विस्तार के संबंध में।

प्रसंगः समिति कार्यालय विज्ञप्ति/पत्रांक–(i) विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 289/2023
(ii) पत्रांक–केन्द्रीय (मा०)–363/23–के0 1153, दिनांक 04.09.2023
(iii) विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 319/2023
(iv) पत्रांक–केन्द्रीय (मा०)–363/23–के0 1206, दिनांक 20.09.2023
(v) विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 356/2023
(vi) पत्रांक–केन्द्रीय (मा०)–363/23–के0 1251, दिनांक 05.10.2023
(vii) विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 363/2023
(viii) पत्रांक–केन्द्रीय (मा०)–363/23–के0 1272, दिनांक 13.10.2023
(ix) विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 377/2023
(x) पत्रांक–केन्द्रीय (मा०)–363/23–के0 1290, दिनांक 19.10.2023
(xi) विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 396/2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा–2024 के लिए समिति द्वारा प्रसारित प्रासंगिक विज्ञप्तियों एवं निर्गत अनुवर्त्ती पत्रों का कृपया निदेश किया जाय। प्रासंगिक विज्ञप्तियों के द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 (सत्र 2023–2024) में सम्मिलित होने के लिए छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन ऑनलाइन समिति के **वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर भरने एवं शुल्क जमा करने का कार्य दिनांक 03.09.2023 से प्रारंभ करते हुए दिनांक 28.10.2023 तक अवधि विस्तारित किये गये थे।**

2. प्रत्येक विज्ञप्ति प्रकाशन के उपरांत प्रासंगिक पत्रों के द्वारा अधीनस्थ विद्यालयों के प्रधान को अर्हक छात्र/छात्राओं का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने हेतु आपके स्तर से निदेशित करने हेतु अनुरोध भी किये गये हैं, ताकि कोई अर्हक छात्र/छात्रा परीक्षा आवेदन भरने से वंचित न रहे। इसके बावजूद कई विद्यालय प्रधान से यह सूचना प्राप्त हो रही है कतिपय छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया है और यह भी संज्ञान में आ रहा है कि कई छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के बावजूद उनका परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया है, **इसलिए छात्रहित में परीक्षा आवेदन (विलंब शुल्क) के साथ ऑनलाइन भरने के लिए अंतिम अवसर देते हुए छठीं बार दिनांक 04.11.2023 से 10.11.2023 तक की अवधि पुनः विस्तारित की गयी है।**

3. विद्यालयों के प्रधान द्वारा को यह विशेष रूप से ध्यान दिया जाना आवश्यक है कि जिन छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उनका निर्धारित शुल्क का भुगतान विद्यालय प्रधान के द्वारा यथासमय जमा करते हुए उसी दिन बिना अंतिम तिथि का इंतजार किये हुए उनका परीक्षा आवेदन भरना भी सुनिश्चित करेंगे ताकि किसी प्रकार की कठिनाई न हो। बाद में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर इसके लिए विद्यालय प्रधान स्वयं जिम्मेवार होंगे। यह भी पाया जा रहा है कि कई छात्र/छात्राओं का निर्धारित शुल्क जमा किया गया है, परंतु उनका परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया है, इसलिए ऐसे छात्र/छात्राओं के विद्यालय प्रधान अचूक रूप से निर्धारित अवधि (दिनांक 04.11.2023 से 10.11.2023) में परीक्षा आवेदन भरना सुनिश्चित करेंगे।

4. **यहाँ यह विशेष रूप से स्पष्ट किया जाता है कि परीक्षा आवेदन से वंचित अर्हक छात्र/छात्राओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिए यह अंतिम अवसर है। इसलिए अधीनस्थ सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान को छुटे हुए छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन भरने हेतु अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा की जाय।**

Letter C1_23_759

5. परीक्षा आवेदन पत्र समिति के उक्त पोर्टल http://secondary.biharboardonline.com पर उपलब्ध है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरते समय संबंधित विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है। विद्यार्थी की मौजूदगी में परीक्षा आवेदन भरा जाएगा एवं भरने के तुरंत बाद विद्यालय के प्रधान उनका डमी प्रवेश पत्र समिति के वेबसाईट से डाउनलोड कर संबंधित विद्यार्थी को मिलान के लिए उपलब्ध करायेंगे। विद्यार्थी विवरणी की भली–भांति मिलान कर स्वयं संतुष्ट हो लेंगे कि डमी प्रवेश पत्र में अंकित सभी विवरणी सही–सही है। यदि डमी प्रवेश पत्र में त्रुटि हो, तो उसका सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ तुरंत विद्यालय के प्रधान को उपलब्ध करायेंगे, ताकि विद्यालय के प्रधान के द्वारा विद्यार्थियों का डमी प्रवेश पत्र सुधार हेतु निर्धारित अवधि दिनांक 14.11.2023 तक ऑनलाइन सुधार किया जा सके। डमी प्रवेश पत्र में परिलक्षित त्रुटि के सुधार दिनांक 14.11.2023 तक करने हेतु समिति द्वारा विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 392/2023 विस्तृत निदेश के साथ पूर्व से प्रसारित है।

6. विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरकर दो प्रति में अपने विद्यालय के प्रधान के पास जमा किया जाएगा। इसमें से एक प्रति पर विद्यालय प्रधान अपना हस्ताक्षर एवं मुहर अंकित करते हुए विद्यार्थियों को वापस कर देंगे ताकि विद्यार्थियों के पास साक्ष्य के रूप में संधारित रहे। परीक्षा आवेदन पत्र की दूसरी प्रति विद्यालय के प्रधान के पास संधारित रहेगा। विद्यालय प्रधान विद्यार्थियों द्वारा जमा किये गए परीक्षा आवेदन पत्र में भरे गए विवरण के आधार पर अपने विद्यालय में संधारित अभिलेख से भली–भांति मिलान कर संतुष्ट हो लेंगे कि विद्यार्थियों द्वारा भरे गए विवरण सही है। तत्पश्चात् दिनांक 04.11.2023 से 10.11.2023 तक की अवधि में निर्धारित शुल्क जमा करते हुए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करेंगे।

7. **उल्लेखनीय है कि केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान द्वारा ही वैध छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन भरा जायेगा एवं शुल्क जमा किया जायेगा। जिन विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस ले ली गयी है, वैसे विद्यालयों से परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जायेगा। साथ ही किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के दरम्यान छात्र/छात्रा एवं उनके माता–पिता के नाम तथा अन्य विवरणी के स्थान पर अंग्रेजी के वर्ण यथा–A, B, C, AB, BC, X, XY, XYZ आदि छद्म एवं बेनामी नाम/डमी आंकड़ें की प्रविष्टि नहीं की जाएगी। ऐसा पाये जाने पर इस तरह के परीक्षा आवेदन को रद्द करते हुए विद्यालय प्रधान के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।**

8. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने हेतु वैसे विद्यार्थी, जिनका पंजीयन/अनुमति आवेदन निर्धारित अवधि तक ऑनलाईन भरा गया है और बार–बार दिए गए अवसर के बावजूद अभी तक उनका पंजीयन/अनुमति शुल्क जमा नहीं किया गया है, के द्वारा बकाया पंजीयन/अनुमति शुल्क की राशि अनिवार्य रूप से जमा करना आवश्यक होगा, अन्यथा उनका समिति के पोर्टल पर पंजीयन कार्ड एवं ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने हेतु नाम दिखाई नहीं देगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित विद्यालय के प्रधान की होगी। विदित हो कि उपर्युक्त आलोक में समिति द्वारा **विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 396/2023** आज दिनांक 04.11.2023 के दैनिक समाचार पत्रों में सभी संबंधितों की जानकारी एवं उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रसारित की जा चुकी है। साथ ही इसकी प्रति **ज्ञापांक–के0मा0–363/23–के0 1319, दिनांक 03.11.2023 के द्वारा** आपके ई–मेल आई0डी0 पर भी प्रेषित किया गया है।

9. वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है कि विषयांकित कार्य हेतु समिति द्वारा प्रसारित विज्ञप्ति तथा अनुदेश के आलोक में अंतिम अवसर के रूप में छठीं बार विस्तारित अवधि (**04.11.2023 से 10.11.2023**) में अपने जिलान्तर्गत अधीनस्थ सभी विद्यालयों के प्रधान को परीक्षा आवेदन से वंचित अर्हक छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन भरने एवं विलंब शुल्क के साथ शुल्क जमा करने के लिए स्पष्ट रूप से निदेशित करने की कृपा की जाय ताकि अर्हता प्राप्त कोई छात्र/छात्रा परीक्षा आवेदन से वंचित न रहें। यह भी अनुरोध है कि विषयांकित कार्य हेतु निर्गत निदेश का भली–भांति अध्ययन कर इसके अनुपालन हेतु इस पत्र की प्रति अधीनस्थ सभी विद्यालय प्रधान को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

कृपया इसे अति महत्वपूर्ण समझा जाय।

विश्वासभाजन

4.11.23

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक),
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

04/11/2023 5/11/23 5/11/23

Letter C1_23_760

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)-363/23 क्रे०-1325/पटना, दिनांक : 04/11/2023

प्रतिलिपि :
1. सभी विद्यालय प्रधान को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
2. सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रोजेक्ट मैनेजर, डाटासॉफ्ट प्रा0लि0 को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि वर्णित आलोक में निर्धारित किये गये समय के अनुसार उपर्युक्त कार्यों को सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने का कष्ट करें। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जिन विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस लिया जा चुका है, वैसे विद्यालयों से कदापि परीक्षा आवेदन नहीं भरा जा सके, इसके लिए अनिवार्य रूप से व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।
4. शाखा प्रबंधक, एच०डी०एफ०सी० बैंक, मौर्यालोक शाखा, पटना, शाखा प्रबंधक, ऐक्सिस बैंक, पाटलिपुत्र कॉलोनी पटना, एवं शाखा प्रबंधक, इंडियन बैंक, बिहार स्टेट टेक्सट बुक पब्लिसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, बुद्ध मार्ग, पटना को उक्त के आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि निर्धारित शुल्क जमा करने हेतु जेनरेट किये जाने वाले चालान की अंतिम तिथि 10.11.2023 ही अंकित किया जाएगा।
5. सभी उप सचिव, क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।
6. सभी नोडल पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।
7. (i) उप निदेशक, आई0टी0 (माध्यमिक)/सिस्टम एनालिस्ट को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि वर्णित आलोक में अनिवार्य रूप से आवश्यक व्यवस्था कराते हुए इसका निरंतर अनुश्रवण की जाय ताकि किसी प्रकार की त्रुटि/विसंगति एवं परीक्षा आवेदन भरने में असुविधा न हो। यह भी अनुरोध है कि जिन विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस ले ली गयी है, वैसे विद्यालयों की अद्यतन सूची निदेशक (शैक्षणिक) से प्राप्त कर प्राप्त कर इसके लिए आवश्यक व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि ऐसे विद्यालयों से छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जा सके।

   (ii) निदेशानुसार इसकी सूचना राज्य के सभी विद्यालय/महाविद्यालयों को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना विद्यालय प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तद्नुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए जन संपर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

   (iii) **यह भी अनुरोध है कि छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0), जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं अन्य संबंधितों के जानकारी हेतु इस पत्र की प्रति BSEB Mobile App तथा समिति के वेबसाईट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।**
8. अपर सचिव, भंडार (मा0) एवं वित्त पदाधिकारी तथा मुख्य लेखा पदाधिकारी (मा0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
9. निदेशक (शैक्षणिक), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को वर्णित आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि जिन विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस ले ली गयी है, जहाँ से छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन नहीं भरा जाना है, वैसे विद्यालयों की अद्यतन सूची उप निदेशक, आई0टी0 (मा0) को अविलंब उपलब्ध कराने की कृपा की जाय। साथ ही राज्य में चिन्हित जिन विद्यालयों से व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन भरा जाना है, वैसे विद्यालयों एवं उसमें इन विषय/विषयों में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं की निर्धारित संख्यात्मक विवरणी की सूची भी उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।
10. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक, आई0टी0 तथा परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

04/11/23 04/11/2023 4/11/23

Letter C1_23_761